हारे का तू ही सहारा है | By Badal Batra

हारे का तू ही सहारा है
तू बाबा श्याम हमारा है
तू लाज बचाने वाला है
इस जग का पालनहारा है
हारे का तू ही सहारा है

जब दु:ख का बादल छाया है
तू लीले चढ़ के आया है
मेरी लाज बचाई है तुमने
मुझे अपने गले लगाया है
जब विपदा मुझ पर आई है
तूने ही श्याम उबारा है
हारे का तू ही सहारा है

दुनिया से मिली रुस्वाई है
दर दर की ठोकर खाई है
तेरी शरण मिली जबसे बाबा
खुशियां जीवन में आई है
तेरे बिन एक पल अब सांवरिया
नहीं होता मेरा गुज़ारा है
हारे का तू ही सहारा है

मुझे इतना दिया तुमने बाबा
जितनी मेरी औकात नहीं
खाटू वाले को पा लिया
किसी चीज़ की अब दरकार नहीं
बादल की किस्मत को बाबा
हाथों से तूने संवारा है
हारे का तू ही सहारा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-badal-batra/